प्रिय किसान भाई-बहनों, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी @narendramodi 11 अक्टूबर 2025 को पूसा, नई दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम में महत्वाकांक्षी "प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना" और "दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" की शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। साथ ही इस आयोजन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी देश के लाखों किसानों से सीधे संवाद भी करेंगे ।

अत: आप सभी से  प्रार्थना है कि आप भी https://pmindiawebcast.nic.in/ इस लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम से अवश्य जुड़ें अथवा yutube और टेलीविज़न पर उक्त कार्यक्रम को देखकर आवश्यक जानकारियों से लाभान्वित होइए ।

इस उपलक्ष में कृषि विज्ञान केन्द्र, काजरी, जोधपुर द्वारा काजरी सभागार में दिनांक 11 अक्टूबर 2025  को सुबह 10 बजे से किसान गोष्टी (कृषक-वैज्ञानिक संवाद एवं काजरी की प्रदर्शन इकाईयों का भ्रमण) का आयोजन किया जायेगा साथ ही किसान भाई-बहनों को प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया जायेगा ।